दैनिक भास्कर

# 15 अगस्त को मेलबर्न में 'तिरंगा' फहराएंगे आमिर



इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (आईएफएफएम), 2025 के दौरान 15 अगस्त को अभिनेता आमिर खान मेलबर्न में भारत का राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। फेस्टिवल के निर्देशक मितु भौमिक लांगे ने कहा, 'आईएफएफएम में तिरंगा फहराने का समारोह केवल औपचारिकता नहीं है, बल्कि एकता और गर्व का प्रतीक है। विदेशी धरती पर कलाकारों, फिल्मकारों और भारतीय व ऑस्ट्रेलियाई समुदाय के बीच तिरंगा लहराना दोनों देशों के बीच के गहरे रिश्ते का इजहार होगा।' आईएफएफएम, 2025 में 31 भाषाओं की 75 से अधिक फिल्में दिखाई जाएंगी। साथ ही पैनल डिस्कशन, मास्टर क्लास और अन्य कार्यक्रम भी शामिल होंगे। यह फिल्म फेस्टिवल 14 से 24 अगस्त के बीच आयोजित किया जाएगा। यह फिल्म फेस्टिवल भारतीय कहानियों और कलाकारों को वैश्विक दर्शकों तक पहुंचाने का काम करता है।